हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


13 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल योग शिविर का आयोजन





14 गुण्डरदेही में विकास की रफ्तार तेज, सामाजिक...







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


# पीएम मोदी के प्रयास से योग की वैश्विक मंच पर बनी पहचान, योगाभ्यास आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर दुर्ग ग्रामीण के विधायक व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने शुक्रवार को पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है।

चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक मंच पर पहचान बना चुका है। भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था अब 20,000 करोड़ से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में सक्रिय हैं। एनएसएसओ के हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के लगभग 2.5 करोड़ घरों में कम से कम एक सदस्य नियमित रूप से योग करता है, जो योग के प्रति जन–सामान्य की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करती है। योग की उत्पत्ति आदि योगी शिव से मानी जाती है और इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यवस्थित रूप में महर्षि पतंजलि ने प्रस्तुत किया।

**वर्ष 2025 के योग दिवस की विशेषताएं**- 10,000 स्थानों पर एक साथ योग प्रदर्शन का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य, 10 देशों के साथ वैश्विक साझेदारी के तहत प्रतिष्ठित स्थलों पर योग वंदन कार्यक्रम, ▸▸| शेष पेज 12 पर

## भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था अब 20,000 करोड़ से अधिक




### गंजपारा इंडोर स्टेडियम में आज जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम

**बालोद।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 21 जून को सुबह 07 बजे गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम बालोद में किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि 21 जून 2025 को ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 'योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम निर्धारित की गई है। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल कार्यालय में योग शिविर का आयोजन

**गुरूर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल गुरुर कार्यालय में योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नगरवासी भी सम्मिलित हुए। 21 जून को नगर मे बड़े पैमाने पर होने वाले योग शिविर को देखते हुए भाजपा मण्डल द्वारा एक दिन पूर्व योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक नंदकिशोर शर्मा, प्रेम साय कलिहारी के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता को योग कराया गया एवं योग और आध्यात्म की बाते बतलाई गयी। जिसमे लेखक चतुर्वेदी द्वारा भजन कीर्तन भी योग के अंत मे कराया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशक साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, रामसहाय साहू, चंदन सिन्हा, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, लिखेस्वर साहू, राजेश दीवान, रोहित नेताम, गणेश्वरी खरेंद्र, दिनेश्वरी सिन्हा, रामस्वरुप सिन्हा, फागुराम सिन्हा, भागवत यादव, हरिओम श्याम, जितेंद्र साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी, शिक्षक निलंबित

**बालोद।** गुरुवार को भाजपा नेता राकेश यादव की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए भोज सिन्हा को निलंबित कर दिया है। शिक्षक भोज सिन्हा गुरुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला बासीन में सहायक शिक्षक के रूप मे पदस्थ है, शिक्षक ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ फेसबुक के माध्यम से आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी किया था। जिसे शिकायत के बाद निलंबित कर दिया गया है। राकेश यादव ने गुरुवार को बालोद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने कहा कि भोज सिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की, जो न केवल सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की भावनाएं भी आहत हुई हैं। मामला राजनीतिक और सामाजिक दोनों से संवेदनशील माना जा रहा है। भोज सिन्हा ने मामले मे अपनी गलती भी स्वीकार कर ली है, जिससे आने वाले समय मे उन पर और कड़ी कार्यवाही हो सकती है।

### गुरूर नपं में योगाभ्यास आज अध्यक्ष व पार्षद होंगे शामिल

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर मे 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सुबह 7 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, पार्शद एवं अधिकारी कर्मचारी व नगर के गणमान्य उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर योग शिविर मे योग ट्रेनर द्वारा वहां उपस्थित लोगो विभिन्न आसनो के माध्यम से योग कराते हुए उन आसनो को करने से होने वाले लाभ व उन आसनो को करते समय बरती जाने वाली सावधानीयो के बारे मे बारीकी से बताया जाएगा तथा स्वस्थ रहने के उपाय बताया जाएगा।


## परेशानी : जिला और रेलवे प्रशासन को है जानकारी फिर नहीं जा रही कार्रवाई

# रेलवे स्टेशन के बाहर का टायलेट बंद अंदर का बना पार्किंग, यात्री हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ आम यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है

इस तस्वीर में जिस स्थान पर गाड़ियां रखी दिख रही है वह स्थान कोई पार्किंग स्थल नहीं है, बल्कि जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन का शौचालय है, जो बंद होने के कारण लोग उसे पार्किंग स्थल की तरह उपयोग कर रहे हैं। अमृत भारत योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य जारी है। लेकिन स्टेशन के बाहर बने पब्लिक टॉयलेट को अब तक यात्रियों के लिए शुरू नहीं किया गया है। रेलवे स्टेशन का शौचालय कई वर्षों से शोपीस बनकर रह गया है, जो लोगो के मोटर साइकिलों को रखने का काम आ रहा है जिससे आम यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बालोद रेलवे स्टेशन में बने पब्लिक टॉयलेट में नाम भी नहीं लिखा है। स्टेशन पर यात्रियों की संख्या लगातार बनी हुई है और रेलवे को इस स्टेशन से अच्छी आमदनी भी होती है, परंतु जनसुविधाओं के नाम पर हालत बेहद निराशाजनक है। यह पूरा मामला रेलवे की कार्यप्रणाली और जनसुविधाओं के प्रति उनकी लापरवाही को उजागर करता है। जहां एक ओर करोड़ों रुपये खर्च कर स्टेशन का सौंदर्याकरण किया जा रहा है, वहीं दूसरी और यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं होते हुए भी उन्हे उपलब्ध नहीं कराना प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है।



### शौचालय आरंभ होने से पहले ही जर्जर होने लगा

बालोद रेलवे स्टेशन पर बने शौचालय पर ताला लटका हुआ है। इसके बनने के बाद से अब तक इसे आम जनता के लिए खोला नही गया है लेकिन यह आरंभ होने से पहले ही जर्जर होने लगा है। शौचालय मे लगे टाईल्स व अन्य सामग्री टूटने लगे है, जिसमें लगे ताला मे जंग लग चुका है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह ताला कितने दिनों से बंद पड़ा हुआ है।

### महिलाओं को परेशानी ज्यादा

रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। स्टेशन पर साफ–सफाई की व्यवस्था पहले से ही बदहाल है, और अब शौचालयों की अनुपलब्धता से स्थिति और बदतर हो गई है। गावों से मजदूरी करने शहर जाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें रेलवे स्टेशन में इमरजेंसी टॉयलेट लगने पर खेतों की तरफ जाना पड़ता है।



# बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के निर्देश जारी

## पुलिस ने ली संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ सड़क सुरक्षा एवं यातायात जनजागरूकता अभियान के संबंध में की गई चर्चा

जिला प्रशासन जिले मे हो रही लगातार सड़क दुर्घटना एवं उनमे हो रही मौतो को देखते हुए अब कड़े कदम उठा रही है। लगातार जिले के अंदर विभिन्न चौक चौराहो एवं मार्गो मे पुलिस कैंप लगा बिना हेलमेट पहले दो पहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चारपहिया वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर रही है लेकिन उसके बाद भी आम जनता की लापरवाही बरकरार है एवं सड़को मे 95 प्रतिशत वाहन चालक बिना हेलमेट नजर आते है जिसको देखते हुए अब जिला प्रशासन और कड़े उपाय कर रही है जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि बिना हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को हेलमेट लगाने प्रोत्साहित करने को कहा। जिसके अंतर्गत सभी पेट्रोल पंपों में बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से जनजागरूकता के माध्यम से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाने की अपील की। जिससे की सड़क दुर्घटनाओं में सिर के गंभीर चोट से बचा जा सके। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, जिला खाद्य अधिकारी एवं जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित थे। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पेट्रोल पंप संचालकों ▸▸| शेष पेज 12 पर

# अंतागढ़-रायपुर डेमो ट्रेन में सफर नहीं संघर्ष, हर दिन भीड़ का भारी दबाव





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बालोद। अंतागढ़ से रायपुर के बीच चलने वाली डेमो ट्रेन इन दिनों यात्रियों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बना हुआ है। प्रतिदिन इस ट्रेन में इतनी भीड़ रहती है कि यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नसीब नहीं होती। कई बार यात्रियों को दरवाजों पर लटककर यात्र करनी पड़ती है, जो बेहद खतरनाक है। डेमो ट्रेन की प्रत्येक बोगी में रोजाना इस कदर भीड़ उमड़ती है कि यात्रियों को खड़े रहने में भी परेशानी होती है, न तो बैठने की जगह मिलती है और न ही पर्याप्त हवा। कई यात्रियों को ट्रेन के फुटबोर्ड पर खड़े होकर सफर करना पड़ता है, जिससे जान जोखिम में पड़ जाती है। क्षेत्रवासियो द्वारा लगातार ट्रेन मे बोगियो की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है, साथ ही ट्रेन की संख्या भी बढ़ाने की मांग हो रही है, लेकिन यात्रियो की समस्याओ को देखने समझने वाला कोई नही है।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए सूची जारी

**बालोद।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बालोद ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रवेश हेतु मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग का समय एवं स्थान भी निर्धारित कर दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक की काउंसलिंग 23 जून को, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 24 जून, अनुसूचित जाति बालक, बालिका हेतु 25 जून, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक, बालिका हेतु 26 जून तथा सामान्य वर्ग एवं अल्प संख्यक बालक, बालिका हेतु 27 जून को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में दर्शित विद्याथएँ काउंसलिंग हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते है।

# धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत

डौंडी विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खलारी क्र. 2 एवं प्राथमिक शाला खलारी क्रमांक2 में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथियों ने कक्षा पहिली एवं कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर गणवेश वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रीति उर्वशा थी एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत खलारी के सरपंच दुग्गा ने किया। संकुल समन्वयक नन्नू राम धनकर द्वारा प्रवेश उत्सव मनाने के उद्देश्य एवं शिक्षा विभाग ▸▸| शेष पेज 12 पर



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में भव्य प्रवेश उत्सव मनाया

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वाधान में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूजा वैभव साहू जिला अध्यक्षता सीएल सिन्हा प्राचार्य एवं विशेष अतिथि के रूप में भगवती नूतन उईके जनपद सदस्य बालोद, तेजप्रकाश मंडावी सरपंच लाटाबोड, फलेश्वरी साहू उपसरपंच लाटाबोड, क्यामल साहू, रवि यादव, संध्या साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति रहे। प्राचार्य सीएल सिन्हा ने इस अवसर पर पालकों से आग्रह किया कि घर में शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करें व बच्चों की सतत निगरानी करते हुए उनके रुचि के अनुसार शिक्षा के लिए प्रेरित करें। स्कूल की समस्याओं पर चर्चा करते हुए शेड निर्माण में मुरम फिलिंग की मांग की। मुख्य अतिथि पूजा वैभव साहू ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया व प्राचार्य की मांग पर पचास हजार की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर लीखन साहू, हरिश्चंद्र साहू , गंगा प्रसाद साहू , हरिचरण ठाकुर, गोमती, दीपेश्वरी, अमनेश्वर, स्वसहायता समूह, मितानिन, पंचगण, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं ,पालकगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शासन की कल्याणाकारी योजनाओं की जानकारी शिविरों में दी जाएगी

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत दर्जनों गांवों में लाभ संतृप्ति शिविर होंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत शनिवार 21 जून को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुदुम में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं एवं अन्य बुनियादी ढांचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा जनजातीय वर्ग के अंतिम पक्ति के हितग्राहियों को उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के सभी पांचों विकासखण्डों के अलग–अलग गांवों में क्लस्टर बनाकर निरंतर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन हेतु बनाए गए क्लस्टर में आसपास के ग्राम पंचायतों में ▸▸| शेष पेज 12 पर

### आज गांव में शिविर



आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शनिवार 21 जून को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम काड़े, अवारी, उकारी, कुंआगोदी, छिंदगांव, बम्हनी, मरकाटोला, गुदुम, पुसावड़, मरदेल, लिमउडीह, सुरडोंगर, कुंजकन्हार, ढोरीठेमा और नर्रालगुड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ॠण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्ज्वला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

# सड़क से अतिक्रमण हटाने दी तीन दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ नहीं हटाने पर की जाएगी कार्यवाई

अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी रा. बालोद द्वारा बालोद नगर में सड़क पर घुमन्तू मवेशियों के विचरण एवं कुछ व्यापारियों द्वारा मुख्य सड़क पर दुकान का सामान निकालने, ठेले, गुमटी, अतिक्रमण के कारण दुर्घटना की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, अनुविभागीय अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोनिवि बालोद, विद्युत विभाग, पशु विभाग, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, गौशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण, अध्यक्ष व्यापारी संघ बालोद नगर की उपस्थिति में विस्तृत समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम बालोद नगर में सड़क पर घुमन्तू मवेशियों के विचरण के संदर्भ में लगातार तीन दिवस तक इस आशय का मुनादी कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा कि समस्त मवेशी मालिक जिनके मवेशी सड़क पर विचरण कर रहे है, वे सभी अपने–अपने मवेशियों को अपने घर, अहाता में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें। मुनादी पश्चात मवेशी सड़क पर विचरण करते हुए पाए जाने पर उसे तत्काल जब्त कर लिया जावेगा एवं कांजी हाउस, गौशाला में सौप दिया जावेगा। जब्ती पश्चात मवेशी मालिक से न्यूनतम 500 रूपये जुर्माना एवं मवेशी के चारा–पानी हेतु आवश्यक ▸▸| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## इंटर स्टील संयंत्र शतरंज स्पर्धा एक से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 1 जुलाई से तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड-एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई निवास में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए बीएसपी की प्रतिनिधि टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 20 जून को शाम 6 बजे इस्पात क्लब, सेक्टर-2 में किया जाएगा।

क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग तथा बीएसपी चेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे जो या तो पूर्व में अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता में भाग ले चुके हों या इंटरनेशनल रेटेड खिलाड़ी हों और बीएसपी/माइंस के अधिकारी-कर्मचारी अथवा भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के 25 वर्ष से कम आयु के बेरोजगार युवा हों।

इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन 20 जून को शाम 4 बजे तक अलंकार भीवगड़े या एसके भगत के पास करा सकते हैं। चयन प्रक्रिया का संचालन बीएसपी चेस क्लब व सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर, अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भीवगडे और राष्ट्रीय खिलाड़ी एसके भगत करेंगे। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक हैं।

## गलत संपत्तिकर स्व-विवरणी भरने पर पांच गुना जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों द्वारा अपने स्वामित्व के भवन/भूमियों पर संपत्तिकर स्व-निर्धारण प्रक्रिया के देय करों की राशि सहित विवरणी जमा की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम द्वारा अधिकृत एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली करने निर्देशित किये है। साथ ही कुछ भवन/भूमि स्वामी द्वारा प्रस्तुत स्व-विवरणी में प्रस्तुत निर्मित क्षेत्र/उपयोग में भिन्नता होने की संभावना बनी है। जिसका पता लगाने जांच समिति का गठन किया गया है। इस हेतु निगम द्वारा भवनों/भूमियों की स्थल पर जाकर सत्यता की जांच की जायेगी।

# ई-रिक्शा दौड़ा रहे अनट्रेंड चालक, यातायात नियमों से अनजान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

हरिभूमि अभियान

शहर में बेखौफ दौड रही ई रिक्शा को लेकर चालक जरा भी गंभीर नही है। हालात यह हे कि, वे यातायात नियमों से अनजान होकर बेधडक रिक्शा दौडा रहे है। अनट्रैड चालको के चक्कर में सवारियों की जान पर भी आफत बन आई हैं।

ई रिक्शा की घटना लगातार शहर में घट रही है। इसके बाद भी यातयात विभाग गंभीर नही दिख रही है। चालको को यातायात नियमों से भी अवगत नही कराया जा रहा हैं। हरिभूमि ने इसे लेकर शहर के कई ई रिक्शा चालको से जानकारी ली, जिसमें यह बात सामने आई कि, उन्हें यातायात नियमों और संकेतक की भी जानकारी नही हैं। इसके बाद भी सरकारी सिस्टम की कमजोरी के चलते उन्हें बेखौफ ई रिक्शा की स्टेयरिंग दे दी गई हैं। चालको द्वारा ट्रैफिक सिग्नल का भी पालन नही किया जाता हैं। बडी बात यह है कि शहर में लगातार सडक दुर्घटना होने के बाद भी यातायात विभाग इसे अपनी जिम्मेदारी मानकर सडक पर नही उतर रहे है और चालक बेखौफ हो गए है।

## शहर में धड़ल्ले से दौड़ रहे ई रिक्शा, नहीं पढ़ाया जा रहा यातायात का पाठ

**बनाएं लाइसेंस**

"मैने ई रिक्शा लाइसेंस बनाया है लेकिन कई ऐसे चालक है, जिन्हे इसकी जानकारी तक नही दी जाती है। चालको को यातायात द्वारा जानकारी दी जानी चाहिए।
**संजय कौशल**, चालक




**दे प्रशिक्षण**

"ई रिक्शा चालको को प्रशासन द्वारा न सिर्फ यातायात नियम बल्कि सब्सिडी आदि की जानकारी देनी चाहिए। कुछ लोगों को अभी भी इसकी जानकारी नही हैं।
**दिलीप साहू**, चालक

**जागरूकता अभियान चलाएं**

"ई रिक्शा की संख्या बढने के साथ ही यातायात दबाव न बढे, इसे लेकर प्रशासन को ठोस प्लानिंग बनानी चाहिए।
**विनोद ताम्रकार**, व्यापारी इंदिरा मार्केट

## प्रभारी सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खुलासा

# दुर्ग जिले में जनवरी से जून माह तक 49 मामलों में 231 किलो से ज्यादा गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ते जा रही है। जिले की समीक्षा बैठक में इसका खुलासा हुआ है। 1 जनवरी से 19 जून 2025 की स्थिति में 49 मामलों में 231 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है। ये गांजा ओडिशा, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों से पहुंचा। जिला स्तरीय समिति नारकोटिक्स की बैठक जिले के प्रभारी सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है। इस बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग और वन विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में सुब्रत साहू ने पुलिस अधीक्षक से 1 जनवरी 2025 से 19 जून 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस दौरान 49 प्रकरण दर्ज किए गए और विभिन्न मादक पदार्थों गांजा 231.745 किग्रा, नशीली दवा 55182 नग, हेरोइन 306.29 ग्राम, ब्राउन शुगर 2.5 ग्राम की बरामदगी हुई है। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत दो स्थानों पर कार्रवाई की गई है। उक्त 49 प्रकरणों में 2 प्रकरण पेट्रोलिंग, चेकिंग के दौरान एवं शेष 47 प्रकरण में मुखबीर की सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### नशीली दवाओं के मामले में भी कार्रवाई




### मोहन नगर, सुपेला और छावनी थाने में सबसे ज्यादा मामला

जानकारी के मुताबिक नशे से जुड़े ज्यादातर मामले मोहन नगर थाने, सुपेला और छावनी थाने में दर्ज हुए हैं। मोहन नगर थाना क्षेत्र में ग्रीन चौक, शंकर नगर, आर्य नगर, विजय नगर, जयंती नगर, उरला जैसे क्षेत्रों में नशाखोरी बढ़ी है। इसी प्रकार सुपेला में कोहका क्षेत्र में नशाखोरी के ज्यादातर मामले सामने आए हैं। छावनी क्षेत्र में नंदिनी रोड, कैम्प क्षेत्र शामिल हैं। पुलिस द्वारा इन जगहों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। नशे के सामान की तस्करी करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए अलग से टीम का भी गठन किया गया है। मुखबिरों को भी सक्रिय रखा गया है।

### मदाक पदार्थों को जब्त करने बनाई सूची

मादक पदार्थ नष्ट करने हेतु तैयार 53 प्रकरणों की सूची तैयार की गई है। प्रभारी सचिव श्री साहू ने निर्देश दिए कि जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण तीन से चार महीने में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने नारकोटिक्स एक्ट के मामलों के शीघ्र निपटारे और जब्ती की कार्रवाई को तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बच्चों के लिए विशेष नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता जताई। इस पर साहू ने जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में महिला नशा पीड़ति, अवयस्क नशा पीड़ति और बाल नशा पीड़ितों के लिए पृथक-पृथक पुर्नवास व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### प्रशासनिक महकमे ने दी रिपोर्ट

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि अप्रैल 2024 से मई 2025 के बीच औषधि विक्रय में अनियमितताएं पाई गईं। इस पर 26 फर्मों को नोटिस, 18 के विरुद्ध निलंबन तथा 03 फर्मों के पंजीयन निरस्त किए गए। श्री साहू ने अधिक से अधिक फर्मों के निरीक्षण और बंद फर्मों का पंजीयन समाप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान नशीली दवाओं की बिक्री के मामले में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। जब्ती के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायालय में मामले विचाराधीन है।

# चण्डीधाम करमु में मंदिर का होगा नवनिर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

■ सांसद और उपमुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

चंडीधाम करमु में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन हुआ। आयोजन में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के व्यास नारायण ने कहा कि चण्डी मंदिर में हमारे बीच दो-दो विजय हैं। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि हम सभी को मां के पास आना है। उनका आशीर्वाद को पाना है। हमें अपने हृदय के कपाट को खोलना है। हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है जो प्रदेश के देवताओं के स्थानों के मुफ्त में दर्शन करा रही इस पुनित कार्य में उन्होंने 1.051 लाख की घोषणा की। सांसद विजय बघेल ने कहा कि मां चण्डी मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है, जिसे हमारे बुजुर्गो ने सहज कर रखा है। पच्चीस वर्षों से मां के दर्शन करने वे पहुंच रहे हैं। इस मंदिर में एक करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्माण होना है। मां की भक्ति के साथ देश भक्ति भी जुड़ी रहे, हमें बस देश में भीतरी बहारी को देखना है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में देख लो कमाई कोई करे और कोई खाए, घुसपैठिया खाएं। समाज हमारा मजबूत हो तो देश प्रदेश खुद मजबूत हो जा ये गा । छत्तीसगढ़ में हमारे छत्तीसगढ़ में भी ऐसा काम हो रहा, जो कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने अपनी निधि से 15 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर लाभचंद बाफना, जितेंद्र साहू, प्रहलाद रजक, अजय साहू, ओमप्रकाश जोशी, कल्पना योगेश तिवारी, अनिता चंदन अग्रवाल, बंसल अग्रवाल, खुशबू गोविन्द पटेल, परमेश्वर वर्मा, प्रीति गोविन्द पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

पेज 11 के शेष...

### पीएम मोदी के प्रयास...

1,000 योग पार्कों का विकास, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए विशेष योग सत्र, 100–दिवसीय संयोगम पहल योग को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने की दिशा में पहल, वर्चुअल ग्लोबल योग समिट का आयोजन किया जाएगा।

चंद्राकर ने यह भी कहा कि जीवनशैली में बढ़ती जटिलताओं और बीमारियों के बीच योग ही संतुलन और स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी उपाय है। भाजपा इस आयोजन को जन–जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में योग जागरूकता सत्र, प्रशिक्षण और कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता विभिन्न तीर्थ स्थलों और पर्यटन स्थलों पर योग दिवस के आयोजन में शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग सदस्य यशवंत जैन, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, महामंत्री राकेश छोटू यादव, योग संयोजक राकेश द्विवेदी, राजेश दशोड़े, संजय साहू, कमल पनपालिया, संतोष साहू, वीरेंद्र साहू सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गंजपारा इंडोर स्टेडियम...

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। इसके साथ ही जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया होंगे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इण्डोर स्टेडियम बालोद में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के अलावा सभी अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्रओं, विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधि सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों के द्वारा एक साथ सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। जिला मुख्यालय बालोद के इण्डोर स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु सभी लोगों से सुबह 06.30 बजे अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल में उपस्थित होने की अपील की है।

### बिना हेलमेट पहने...

को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बिना हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेट्रोल पंप में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी का मोबाईल नंबर चस्पा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग की टीम के द्वारा समय–समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### धूमधाम से मनाया...

की विभिन्न योजनाओं के संबंध में पालकों को अवगत कराया गया तथा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत प्रत्येक बच्चों एवं पालकों को एक–एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया तथा नशा मुक्ति एवं जल संग्रहण शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों के विकास एवं भविष्य निर्माण का स्थान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम के सरपंच ने बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रीति उर्वशा, सरपंच दुग्गा, उपसरपंच पुखराज निषाद, पूर्व जनपद सदस्य टीकम नेताम, पूर्व सरपंच धुनीत राम गोटा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनसुख नेताम, प्रधान पाठक सुंदर लाल साहू, सुरेश कुमार कोठारी, शिक्षक खिलावन ठाकुर, बिजेंद्र विश्वकर्मा, संतोष कुमार रावटे, देवप्रसाद भुआर्य, चंद्रकला पटेल, लता ठाकुर एवं पालक उपस्थित थे।

### धरती आबा जनभागीदारी...

शामिल गांवों को शामिल किया गया है।
**भगवान बिरसा मुण्डा की जंयती से जारी**- ज्ञातव्य हो कि केन्द्र सरकार के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जंयती के अवसर पर प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्ग बालोद जिले के 186 ग्रामों का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत इन गांवों में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को 15 जून से 30 जून तक आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर 17 मंत्रलयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से पूर्णतः लाभान्वित किया जाएगा। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से इन क्षेत्रें में निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को निर्धारित सभी सेवा एवं योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सड़क से अतिक्रमण...

खर्च वसूल किया जावेगा। बालोद नगर के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग में मुख्य चौक, चौराहों पर यात्री बस एवं भारी मालवाहक वाहनों के रूकने पर एवं अवैध पार्किंग पर अनिवार्यतः चालानी कार्यवाही किया जायेगा। बालोद नगर के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य सड़क एवं दल्ली चौक से रेल्वे फाटक बालोद पाररास तक सौंदर्यीकरण कार्य हेतु अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। इस हेतु नगर पालिका द्वारा लगातार तीन दिवस तक हेतु मुनादी करवाया जायेगा कि अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया जावे एवं तीन दिवस पश्चात अतिक्रमण नहीं हटाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किया जावेगा।

जिला चिकित्सालय बालोद के बाउण्ड्रीवाल पर अवैध ठेले, गुमटी का चिन्हांकन किया जाएगा। इस हेतु नगर पालिका द्वारा लगातार तीन दिवस तक मुनादी करवाया जाएगा कि अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया जावे एवं तीन दिवस पश्चात अतिक्रमण नहीं हटाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई किया जाएगा ।

## नगर पथ पर भी नागराज...



**भिलाई।** बारिश के मौसम के दस्तक देते ही टाउनशिप के प्रमुख व्यस्ततम मार्ग सेंट्रल एवेन्यू में भी सांप दिखाई देने लगे हैं।

## 44 हितग्राहियों को पीएम आवास, विधायक हुए शामिल

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासो का आबंटन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी पद्धति से किया गया। मकान आबंटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एम.आई.सी. सदस्य साकेत चंद्राकर एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थिति में 44 हितग्राहियों को शामिल कर लाटरी पद्धति से मकान आबंटित किया गया। मकान आबंटन के दौरान आवास विभाग के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सूडा के इंजीनियर आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सेल ने भारतीय नौसेना के आईएनएस अर्नाला के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की

■ नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ वाटर क्राफ्ट

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूवाए-एसडब्ल्यूसी ), 'आईएनएस अर्नाला' के लिए विशेष स्टील की पूरी ज़रूरत को किया है। आईएनएस अर्नाला को आज भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई ) द्वारा बनाए जा रहे, अन्य सात एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कोरवेट के लिए भी विशेष स्टील की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में, भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के रूप में, सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की पूरी विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की आत्मनिर्भर देश' की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### आईएनएस विक्रांत व चिनाब ब्रिज में भी योगदान

गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी सेल ने आईएनएस विक्रांत, आईएनएस विंध्यगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी कई बड़ी परियोजनाओं के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की है। दुनिया के सबसे ऊंचे जम्मू-कश्मीर के चिनाब में निर्मित ब्रिज के निर्माण के लिए भी विशेष स्टील भेजा था। इस ब्रिज का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी ने किया था।

## ऑक्सीजन प्लांट-2 में लगी आग से कर्मियों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में आज आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल वैधानिक दिशा-निर्देशों एवं विभागीय प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित की गई, जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और आपात स्थितियों में उनकी क्रियान्वयन क्षमता का मूल्यांकन किया गया।

ऑक्सीजन प्लांट-2 एक अति संवेदनशील क्षेत्र है, जहाँ 2 हजार टन क्षमता वाले दो तरल ऑक्सीजन टैंक स्थित हैं। मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि टैंक-2 से जुड़े पंप नंबर-3 में विद्युत फॉल्ट उत्पन्न हो गया है, जिसकी मरम्मत हेतु छह सदस्यीय इलेक्ट्रिकल टीम भेजी गई। इसी बीच पंप नंबर-1 में बेल्ट घर्षण के कारण अचानक आग लग गई, जो लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव के चलते तीव्र हो गई। आग से तीन कर्मचारी कक्ष में फंस गए। उनमें से एक को सहकर्मियों द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। साइट इंचार्ज श्री योगेश शर्मा ने शिफ्ट इंचार्ज गौरव चौधरी व विभागाध्यक्ष श्री पी.सी. बाग को जानकारी दी। आपातकालीन सायरन बजने के बाद सुरक्षा टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200
TEAM CREATIVE

**खबर संक्षेप**



## मां दुर्गा की संध्या आरती में रोज उमड़ते हैं बच्चे

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर के हृदय स्थल बाजार चौक में स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में जहां भगवान श्री राम जी का दरबार,हनुमत जी ,भगवान शंकर और मां दुर्गा की मूर्ति बरसो से स्थापित है । जिसका संचालन दंतेश्वरी समिति द्वारा किया जाता है। रोज सुबह और शाम पंडित खिलावन तिवारी के द्वारा पूजन अर्चन किया जाता है इस आरती पूजन के दरमियान शाम को संध्या आरती में गांव के बच्चे बच्चियां उत्साह के साथ शामिल होते हैं। भजन,आरती, घंटी, शंख की ध्वनियां गूंजती है।बच्चे सनातन के प्रति आस्था की भावना से ओतप्रोत अपना योगदान देते हैं।

## प्राथमिक शाला संजारी में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला संजारी में प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों के लिए खीर पुरी की व्यवस्था की गई, सभी बच्चे खाकर प्रसन्न दिखे इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कन्हैया भुआर्य जी, पीएल खरे (से. नी. प्राचार्य), एमएल भुआर्य , श्याम लाल कमरिया, भूपेन्द्र कुमार इन्दौरिया, भीकेश कुमार सहारे , प्रीतम कुमार रामटेके, नागेश्वर दास मानिकपुरी, भागवत राम इन्दोरिया, रमशिला भुआर्य, निकिता यदू , प्रेमलाल भुआर्य , तुलसी राम, रामसुख, पूर्णिमा बाई एवं मध्यान्ह भोजन संचालन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

निरंतर 2008 से जारी निःशुल्क योग शिविर का आयोजन 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव पर सभी ग्राम वासी क्षेत्रवासी शहर जिला जहां भी योग शिविर लगे वहां पर जाकर अपने स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर और सुरक्षित धन के लिए योग में भाग जरूर ले 21 जून को ऐतिहासिक बनाने के लिए योग को निरंतर अपने जीवन में एक दिन के लिए नहीं बल्कि 365 दिन के लिए शामिल करिए। योगाचार्य तीरथ कुमार अटल द्वारा निरंतर लगातार अनेक स्थानों पर निःशुल्क योग शिविर लगाकर जैसे अंडी डोंडी लोहारा धनगांव संबलपुर कसही मढ़ियाकट्टा भीमाटोला खोलझर कुसुमकसा उरेटा भीमकन्हार गारका आलीखूटा नर्मदा धाम सुरसूली देवरी बंगला अछोली नारगी बिजोरा कोचेरा कसहीकला बुंदेली झिटिया सिंगारपुर कोटेरा मनौद बड़गांव झलमला देवारभाट सुरसूली सिंघोला संबलपुर दल्ली राजहरा बाघमारा एवं जिला केन्द्री जेल बालोद और करोना काल ऑनलाइन योग क्लास 17 मई 2021 से लगातार घर बैठे दूरस्थ क्षेत्र के लोगो मुम्बई जम्मू कश्मीर लदाख बस्तर रायगढ़ कोरबा धमतरी राजनादगांव दुर्ग भिलाई रायपुर कांकेर से जूम ऐप के माध्यम से आज तक लगभग लाखो व्यक्तियों ने योग में भाग लेकर अपना स्वथ्य लाभ ले चुके है। यह उद्देश्य निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्तियों को पहुंचाने के लिए संगठन द्वारा कार्य किया जा रहा है। सिर से लेकर पांव तक सुक्ष्म व्यायाम योगिंग जॉगिंग ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंग आसन मरकट आसन हलासन सेतुबंद आसन पवन मुक्त आसन शलभासन सूर्यनमस्कार योग प्राणायाम भस्त्रिका,कपालभाति, अनुलोम-विलोम, सिंहासन, हास्यासन अनेक प्रकार के योग के साथ-साथ खान-पान रहन-सहन, नैतिक शिक्षा पर विशेष चर्चा के साथ बच्चों को ध्यान आकर्षण कराया गया। जिसमें निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ के लिये शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।



### मंडी प्रांगण में भाजपा का योगाभ्यास कार्यक्रम आज

डौंडीलोहारा। राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख जी के आह्वान पर योग दिवस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु भाजपा मंडल डौडी लोहारा के द्वारा 21जून समय 6.30 बजे,सुबह दिन-शनिवार स्थान-मंडी प्रांगण डौडी लोहारा मैं रखी गई है, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने इस योग दिवस कार्यक्रम हेतु मंडल में निवासरत मंडल के वरिष्ठ नेता, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी नवीन मंडल पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य,समस्त मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्य समिति सदस्य,शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक,जनपद पंचायत के चुने हुए समस्त सदस्य,नगर पंचायत के चुने समस्त सदस्य भाजपा समर्थित समस्त सरपंचगण,बूथ के अध्यक्ष सचिव,जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता साथी,इस योग दिवस में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

## प्राणायाम से शुगर और बीपी जैसी बामीरियां रहती हैं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही




नियमित योग प्राणायाम करने वाले व्यक्ति शुगर, ब्लड प्रेशर जैसे बीमारी से दूर रहता है। पौरुष दुर्बलता, बांझपन भी कपालभाति अनुलोम विलोम प्राणायाम से रिकवर हो जाता है। खान–पान के शुद्धता पथ्य पालन एवं योग प्राणायाम कर मनुष्य बुढ़ापा तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। गुण्डरदेही पतंजलि योग समिति द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन व ऑफलाइन यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें योगाचार्य केशव राम साहू, अरुण कुमार साहू, मधु कौशल, रामलाल सिंघाड़े, नरेंद्र कुमार साहू शामिल है। अभ्यास में शामिल योगी मंडूकासन जिसका लाभ शुगर कंट्रोल में होता है। शीर्षासन जिसे आसन का राजा कहा जाता है रुधिर का संचार उल्टा होने से रक्त की सफाई होती है। सर्वांग आसन में भी इसी प्रकार का लाभ होता है, अन्य आसनों में गोमुख आसान, उत्थित पद्मासन, योग मुद्रा आदि अन्य आसनों के साथ सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, मर्कट आसान, सिंहासन, मारजार आसान, चक्रासन, धनुरासन, प्राणायाम में भत्रिरका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, अग्निसार, उज्जई, भ्रामरी, उदगीथ, प्रणव का ध्यान आदि का अभ्यास कराया जाता है। बाह्य प्राणायाम में मूल बंद, उड्डयान बंद एवं जालंधर बंद से अभ्यास होता है, जिसका लाभ खूनी बवासीर जैसे बीमारी में होता है। जिससे प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, कब्जियत खत्म हो जाता है, मन शांत होता है, संकल्प पूरा करने की इच्छा शक्ति बलवती होती है।

## उत्तर गंगोत्री, सुपेला थाने के पीछे और नेहरू नगर क्षेत्र में निगम ने तोड़ा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



राधिका नगर, नेहरू नगर पूर्व एवं उत्तर गंगोत्री के सतनाम भवन में दुकान बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। जैसे ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को शिकायत मिली तत्काल जोन आयुक्त जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही करने निर्देशित किये। जोन एक राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर जगह रिक्त कराने की कार्यवाही की गई। इसी तरह सुपेला थाना के पीछे एस एल आर एम सेंटर के समीप रिक्त भूमि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अवैध कब्जा करने की नियत से बोर्ड और सीमेंट पोल लगाए थे, जिसे जोन राजस्व टीम द्वारा हटाकर जप्ती बनाया गया। नेहरू नगर पूर्व मंगल भवन एसटीपीआई आफिस के पास अवैध कब्जा कर गैरेज बनाया जा रहा था, वहां मौके पर पहुंचकर काम को बंद करवाया गया और निर्माण को तोड़वाकर सभी सामान को जप्ती बनाया गया। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक विनोद शुक्ला, नंदू सिंह एवं तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मी की गला रेतकर हत्या, खाली मैदान में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-3 थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। श्रीराम परिसर के पीछे खाली मैदान में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान थिलेश मारकंडे के रूप में हुई है, जो नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी के सफाई कर्मी के तौर पर कार्यरत था। खून से सना शव देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

फिलहाल पुलिस मामला दर्ज का विवेचना कर रही है। सीएसपी छावनी हरीश पाटिल, क्राइम डीएसपी अजय सिंह और भिलाई-3 थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मैदान से खून के नमूने और अन्य साक्ष्य जुटाए। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि युवक की गला रेतकर धारदार हथियार से हत्या की गई है।मृतक के भाई ने बताया कि थिलेश पिछले दो दिनों से बाहर जाने की बात कर रहा था और बिना कपड़े के ही घर से निकल गया था। परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अंततः गुरुवार सुबह उसका शव खाली मैदान में मिला।छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि हत्या की जांच को गंभीरता से लिया गया है। तकनीकी टीमों की मदद से अपराधियों की तलाश की जा रही है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MSC Chemistry/CS
BCA AICTE Approved
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
Anda, Durg
9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432




संकलनकर्ता - ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद, मो. 8085026287, 9425559113

## खबर संक्षेप



### जामा मस्जिद कमेटी का पुनर्गठन, शाहिद अहमद फिर बने मुतवल्ली

**बालोद।** जामा मस्जिद बालोद में नमाज के बाद इंतेजामिया कमेटी की बैठक मस्जिद परिसर में रखी गई। जिसमें इंतेजामिया कमेटी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका था जमात ने कमेटी के मुतवल्ली शाहिद अहमद खान के पूर्व कार्यकाल को बेहतर बताते हुए सभी ने उनके कार्यों को सराहा व समाज में रुके हुए विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए उन्हें चुनाव में सदर के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। मुतवल्ली शाहिद अहमद खान ने कहा आने वाले वक्त में जो जिम्मेदारी समाज ने मुझे दी है, उसको मैं जरूर पूरा करूंगा।

### टिकरापारा शाला प्रवेशोत्सव बच्चों का मुंह मीठा कराया



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला टिकरापारा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सुभद्रा टांडेकर ,अध्यक्ष प्रधान पाठक भुनेश्वरी साहू एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद सूर्यकला ठाकुर रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया तथा सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश अतिथियों के करकमलों से प्रदान किया गया। साथ ही प्रधान पाठक भुनेश्वरी साहू के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विष्णु बारले, उपाध्यक्ष दिनेश रावटे, सहायक शिक्षक देवकी ठाकुर, मुकेश कुमार अंगारे एवं ज्योति केकती,सदस्य सुमन बारले, तोषी यादव सहित पालक एवं ग्रामीणजनों ने गरिमामय उपस्थिति प्रदान किया।

### राशन वितरण के लिए 30 जून तक ई केवायसी अनिवार्य

**बालोद।** जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजनातर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिसके अंतर्गत ई-केवायसी हेतु शेष हितग्राहियों को 30 जून तक केवायसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत 02 लाख 34 हजार 756 राशनकार्ड प्रचलित है। जिसमें राशनकार्डो में 08 लाख 95 हजार 986 सदस्य पंजीकृत है। पंजीकृत सदस्यों में से 08 लाख 26 हजार 967 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है तथा 69 हजार 19 सदस्यों का ई केवायसी शेष है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों का ई केवायसी में छूट दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी उचित मूल्य दुकान में संचालित ई केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई केवायसी कर सकते है। इस एप्प के माध्यम से ई केवायसी करने के लिए एंड्रायड मोबाइल में गुगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य, जिला का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई केवायसी कर सकते हैं।

### आईटीआई प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 25 तक

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा के प्राचार्य ने बताया कि इस संस्था में संचालित एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के व्यवसाय कोपा, स्टेनो (हिंदी), वेल्डर, मैकेनिक डीजल, कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर एवं ड्रायवर कम मेकेनिक में प्रवेश के हेतु वेबसाइट पर 25 जून तक पंजीयन किया जा सकता है।

**आयोजन :** अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन

# लाभ संतृप्ति शिविरों में राहत की बारिश से ग्रामीणों में उल्लास, घर बैठे हुए काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले लाभ संतृप्ति शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को निरंतर विभिन्न सौगात मिल रहा है।

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन आयोजित होने वाली इन शिविरों के माध्यम से जनजाति परिवार के लोगों को 17 मंत्रलयों के 25 सेवा एवं योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पथराटोला, बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। जिले के अलग-अलग स्थानों में आज आयोजित शिविर के दौरान जनजातीय परिवार के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं नया राशन कार्ड बनाने के अलावा आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन, जनधन खाता, बीमा कव्हरेज, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन, नल कनेक्शन के अलावा वनाधिकार पत्रधारी कृषकों को कृषि, मछलीपालन एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई। आज आयोजित शिविर के माध्यम से शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिलने तथा उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण होने से जनजातीय परिवार के लोग एवं हितग्राहियों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने केन्द्र सरकार के इस लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए इसे अपने जैसे जनजातीय परिवार के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभप्रद बताया है।

### ग्राम बोड़की के लाभ संतृप्ति शिविर से लाभान्वित

इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोड़की में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 04 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड, 13 हितग्राहियों का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शिविर में पहुँचे 23 लोगों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच करने के अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पथराटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 14 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 16 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 01 हितग्राही किसान क्रेडिट कार्ड, 02 हितग्राही का जाति प्रमाण पत्र, 08 हितग्राही का राशन कार्ड, 04 हितग्राहियों का मनरेगा जॉब कार्ड बनाया गया। इसी तरह शिविर में 02 हितग्राही को किसान सम्मान निधि, 02 हितग्राहियों का सामाजिक पेंशन योजना, 02 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 02 हितग्रहियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, 02 हितग्राहियो को मिशन इन्द्रधनुष योजना, 01 हितग्राही को मुद्रा योजना, 02 हितग्राहियो को वन धन योजना से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई।




### भीमकन्हार शिविर के लाभान्वित



इसी कड़ी में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार में आयोजित शिविर में 06 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 15 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड, 16 हितग्राहियों का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 01 हितग्राहियों का किसान क्रेडिट कार्ड तथा हितग्राही को सामाजिक पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसी तरह भीमकन्हार में आयोजित शिविर में आज 01 हितग्राही को जनधन खाता, 02 हितग्राही को विद्युत एवं सोलर कनेक्शन तथा वनाधिकार पत्रधारी तीन कृषकों को पशुपालन के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा भीमकन्हार शिविर में उपस्थित 35 लोगों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच करने के अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 04 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों का श्रम कार्ड बनाने के अलावा 07 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं किसान सम्मान निधि योजना तथा 01 हितग्राही को सामाजिक पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा खैरबना शिविर में पहुँचे 10 लोगों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच करने के अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# गुण्डरदेही में विकास की रफ्तार तेज, सामाजिक भवन व पर्यटन योजनाओं को मिलेगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही




नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन व जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत गुण्डरदेही व बालोद जिले के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। प्रमोद जैन ने मुख्यमंत्री को सामाजिक भवनों के लिए 55 लाख की राशि के लिए मांग पत्र सौंपा है, जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल राशि स्वीकृत की। जिनमे सोनकर समाज भवन 20 लाख, मुस्लिम सामाजिक भवन 10 लाख, तहसील साहू सदन भवन 25 लाख शामिल है। वहीं 140 लाख रुपए की प्रस्तावित योजनाएं स्वीकृति के लिए मांग की गई है, जिसमे सरोहर धरोहर योजना रामसागर तालाब का सौंदयऍकरण व उन्नयन 50 लाख, मुक्तिधाम विकास योजना चैनगंज और बघमरा मुक्तिधाम का विकास 40 लाख (प्रत्येक 20 लाख) पुष्पवाटिका एवं पर्यटन पार्क निर्माण योजना वार्ड क्रमांक 1 तांदुला नदी के पास निर्माण कार्य 50 लाख शामिल है जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द राशि स्वीकृत करने की बात कही। प्रमोद जैन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि संबंधित विभागों को निर्देश देकर प्रस्तावित योजनाओं की शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकें। साथ ही, विकास कार्यों के भूमिपूजन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर भी अनुरोध किया गया है। मुलाकात के दौरान पट्टा वितरण प्रक्रिया की प्रगति पर भी चर्चा किया गया। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि बालोद कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम के द्वारा समिति गठित की गई है जिसमें पटवारी और आरआई शामिल है। वर्तमान में स्थल का नाप करके सूची बना कर प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। अति शीघ्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया जाएगा।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ बोहरा के ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




ग्राम बोहारा के ग्रामीणो ने ग्राम के स्कूल मे की गई युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शुक्रवार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व ग्रामीणो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा था। ग्रामीणो द्वारा अपने ग्राम के बच्चो को अन्य शाला मे नही भेजा जा रहा है। धरना मे ग्रामीणो के साथ बच्चे भी बैठे है। ज्ञापन मे कहा गया है कि ग्राम बोहारा मे शासकीय प्राथमिक शाला सन 1962 मे संचालित है एवं इसके अतिरिक्त पूर्व माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला संचालित है। जिसका आधार प्राथमिक शाला ही है, किन्तु शासकीय प्राथमिक शाला बोहारा का युक्तियुक्तकरण प्राथमिक शाला सनौद मे कर दिया गया है। जिससे ग्राम बोहारा की शालाओ का आधार ही खत्म हो गया है। प्राथमिक शाला का युक्तियुक्तकरण किसी अन्य शाला मे नही करने हेतु पूर्व मे भी आवेदन दिया गया है, किन्तु आवेदन पर किसी भी प्रकार से विचार नही किया गया। इसलिए ग्रामवासी बोहारा द्वारा 20 जून से विद्यालय के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे है।

ग्राम बोहारा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में उपस्थित ग्रामीण जनो मे ग्राम पटेल मिलन राम, ग्रामीण अध्यक्ष ओमेश्वर साहू, बाबूलाल साहू, कुंजेश साहू, छबिलाल साहू, जीवनलाल साहू, गिरीश साहू, रमेश कुमार, बलराम साहू, योगेश कुमार, मंगेश, शिवदयाल, पुनु राम, रेवत राम, सुरेश, राजू साहू, लोकेश साहू, सरपंच रेणुका, उपसरपंच दुलारी, पूर्व सरपंच रेणुका, समस्त पंचगण भुनेश्वरी, गोमती, खिलेश्वरी, दुलारी, रीना, तोमेश्वरी उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल पुरुर में एक दिन पहले किया गया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर में 20 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प सेवा सुशासन और गरीब कल्याण 11 साल की उपलब्धि पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 1 दिन पूर्व योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षक टिकेश्वर साहू, मोरध्वज साहू के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता को योग कराया गया एवं योग और आध्यात्म की बाते बतलाई गयी। इस अवसर पर मंडल टुकेश्वर पांडेय, संयोजक त्रिलोकी साहू, उपाध्यक्ष, मेहत्तर नेताम, हेमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदिप साहू, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, मीना साहू, आरती सोनबरसा, कुमारी बाई साहू, रेणुका गजेन्द्र, गंगा टंडन, यादराम साहू, केजू साहू, द्वारका सिन्हा, हेमंत साहू, शैलेंद्र सोरी, संजय साहू, सत्येंद्र साहू, मिथलेश साहू, इंद्रसेन गजेंद्र, तीरथ साहू, विशंभर साहू, कुलेश्वर साहू, राजेंद्र साहू रामचंद साहू, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, कमलदेव साहू, अजय साहू, छगन साहू, नरेश साहू, तोषण मरकाम, पोखन साहू, उदे साहू, हीरा साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लिंगेश्वर मंदिर प्रांगण में योग शिविर व पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन दिवस और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस भाजपा मण्डल सनौद मे लिंगेश्वर मंदिर प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया योग के पश्चात उपस्थित जनो ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। जिसमे जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, भाजपा जिला मंत्री व जनपद सभापति नरेश साहू, मण्डल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, मण्डल महामंत्री ढंगु हिरवानी, ललित गजेंद्र, कोषाध्यक्ष घनेंद्र साहू, जनपद सदस्य गुरुर गुलाब सिन्हा, जनपद सदस्य गुरुर आशीष साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर हरि—ष्ण गँजीर, जागृत साहू, हुमन लाल, लीलाराम सोनबर, संतोष गंगबेर, नीता साहू, दुखिया बाई, सत्यभामा साहू, हेमलाल साहू, बालक साहू, टेकराम, पंचूराम, शिवनारायण नेले, तेजस्वी साहू, राम कुमार, प्रेमलाल, धनंजय सिन्हा, अशोक साहू, पूरन लाल साहू, मुकेश साहू, मितेश साहू, द्वारिका ठाकुर, गुलाब राम साहू व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कोटेरा निवासी अजय कुमार उम्र 38 साल ने सुबह 8 बजे अपने घर के एक कमरे के मियार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नही थे। पुलिस को सूचना दी गई। मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**बीईएमएल लिमिटेड दल्लीराजहरा ने आयोजित की प्रतियोगिता**

# हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रथम, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



बीईएमएल लिमिटेड दल्ली माइंस, जिला कार्यालय भिलाई द्वारा राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कार्यालयों एवं उपक्रमों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रशासनिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीएसपी, भिलाई के कार्यकारी निदेशक (खनन) विपिन कुमार गिरी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) माथुर, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) सैमिक डे तथा उप प्रबंधक (राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में बीईएमएल लिमिटेड के जिला प्रबंधक निशांत कुमार ने सभी प्रतिभागियों को हिंदी के अधिकतम प्रयोग हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी पहचान है, और कार्यस्थल पर इसका निरंतर उपयोग करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने हिंदी के संवर्धन में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित किया। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी में हिंदी साहित्य, व्याकरण, इतिहास, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी सम्मानित-** प्रथम पुरस्कारः केदारनाथ सोनबेर, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वितीय पुरस्कारः अपु बेहरा, बीआरएम भिलाई सांत्वना पुरस्कारः सीमा शर्मा, टी. ईश्वर, महेश कुमार गुहा, अल्का तारे, संतोष सोनी, उषा साहू इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभय वाडेगाव ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सभी कार्यालयों में हिंदी में कार्य करना अनिवार्य है। उन्होंने दैनिक जीवन की शुरुआत हिंदी समाचार पत्र पढ़कर करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे न केवल भाषा ज्ञान बढ़ेगा, बल्कि तर्कशक्ति का भी विकास होगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने प्रतिभागियों को बधाई दी और हिंदी को कार्यस्थल की कार्यशील भाषा बनाने का संकल्प दोहराया।

